# REPORT ON INITIATIVES TOWARDS SENSITIZATION OF CONSTITUTIONAL OBLIGATIONS IN COLLEGE

The College make sure that sovereignty, socialism and secularism mentioned in the Constitution of India arefirmly adhered to so that the students and staff are not deprived of social justice, equality and fraternity in the College. The College never discriminates among its students and staff on the basis of gender, religion, caste, creed, color and ethnicity and hence provides equal opportunities to everyone to experience the liberty of thought, expression, belief, faith and worship in order to assure the dignity, unity and integrity of the College.

The College follows the Constitution of India in letter and spirit and never interferes with the fundamental rightsof the students and staff bestowed upon by the Constitution of India. The students and staff of the College hence enjoy all the Constitutional fundamental rights namely, right to equality, right to freedom, right against exploitation, right to freedom of religion, cultural & educational rights and right to Constitutional remedies bestowed upon by the Constitution of India.

The College follows the Constitution of India in letter and spirit and makes earnest efforts and initiatives to sensitize its students and staff towards Constitutional obligations with special emphasis on Constitutional fundamental duties and responsibilities such as to abide by & respect Constitutional ideals, institutions, national flag & national anthem; follow noble ideas that inspired national struggle for freedom; uphold & protect the sovereignty, unity & integrity of India; defend the country & deliver national service, promote harmony & the spirit of brotherhood; to reject practices disparaging to women; value & preserve the cultural heritage; protect and develop the natural environmental bodies & compassion for all living creatures; develop scientific temper, humanism, spirit of inquiry & reform; safeguard public property &renounce violence; strive towards excellencefor nation's progress & development; provide opportunities of education to his/her child; make India a safer & cleaner place and not hurt anybody physically &mentally. The year-wise list of initiatives taken and activities organized to sensitize the students and staff in the College towards Constitutional obligations during last five yearsis appended below.

| SI.No. | Year | Title of the program /Activity | Date | Participants |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023-24 | G-20 CONVERSATION | 05/07/2023 | Teachers and Students |
| 2 | | MERA MATI MERA DESH | 16/08/2023 | Teachers and Students |
| 3 | | RASHTIYA BALIKA SIKCHA DIVASH | 04/01/2023 | Teachers and Students |
| 4 | | SADBHAVNA DIVASH | 21/08/2023 | Teachers and Students |
| 5 | | HUMAN RIGHTS DIVASH | 11/12/2023 | Teachers and Students |
| 6 | | NATIONAL AIDS DIVASH | 01/12/2023 | Teachers and Students |
| 7 | | TEACHERS DAY | 05/09/2023 | Teachers and Students |
| 8 | | National Human day | 11/12/2023 | Teachers and Students |
| 9 | | Voting awareness program | 15/10/2023 | Teachers and Students |
| 10 | | Swami vivekanand jayanti | 12/01/2024 | Teachers and Students |
| 11 | | International Woman Day | 12/03/2024 | Teachers and Students |
| 12 | | PREMCHAND DIVASH | 31/07/2023 | Teachers and Students |
| 13 | | INTERNATIONAL HINDI DIVASH | 10/01/2024 | Teachers and Students |

डॉ.(श्रीमती) बी.एन. मेश्राम
प्राचार्य
शासकीय डॉ.बा.सा.भी.अंम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

## डोंगरगांव महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस

शासकीय डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम की मार्गदर्शन तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया! कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से प्रारंभ हुई साथ ही साथ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्वामी विवेकानंद की छायाचित्र में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित की गई !तत्पश्चात उद्बोधन के तहत उपस्थित प्राध्यापकों ने शिक्षा की महत्ता तथा जीवन में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला सर्वप्रथम डॉ. सी के साहू ने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गुरु की महिमा अनंत है और जीवन में जिस किसी से भी कुछ नया सीखने को मिले वही गुरु है इसी कड़ी में डॉ. ए.के. धमगाये ने भी अपने विचार प्रकट किए और बताया कि गुरु का स्थान जीवन में अद्वितीय है!इसी कड़ी में श्री बी.महोबिया ने गुरु शिष्य की प्राचीन परंपरा को बताया! प्रो. गणेश कुमार नेताम ने अपने विचार में माता-पिता को जीवन का प्रथम गुरु बताते हुए उनकी महत्ता को बताया !अंत में प्राचार्य डॉ. बी. एन .मेश्राम ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके महत्वपूर्ण कार्यों को रेखांकित किया तथा गुरु का जीवन में क्या महत्व है बताया यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित की गई! कार्यक्रम रा.से. यो.बालक प्रभारी डॉ.आशाराम साहू तथा बालिका प्रभारी श्रीमती प्रियांकी गजभिए के नेतृत्व में संचालित हुई सभी शिक्षक एवं प्राध्यापक गण को श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया गया उपस्थित प्राध्यापकों में प्रो.गणेश कुमार नेताम सुश्री चंचल स्टेला कुजूर सुश्री श्वेता अग्रवाल प्रो .शिवनाथ देवांगन प्रो. गौतम कुमार नेताम पारथ साहू आशा वर्मा उषा साहू चंदन साहू किशन साहू योगेंद्र देवांगन लीना साहू खेमचंद रावते चंद्र प्रकाश चंदू वर्मा आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही स्वयं सेवकों में यशवंत साहू दानेश्वर साहू रेशमा रामटेके उमेश कुमार एवम अन्य स्वयं सेवक भी उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी का बहुत बहुत आभार एवं धन्यवाद



रा. से. यो. प्रभारी



E:\College\Covering Letter.2023-24

प्राचार्य

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)"
*NAAC Accredited with B Grade*
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

# विश्व एड्स दिवस

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन.मेश्राम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी( बालिका) प्रो. प्रियांकी गजभिए , डॉ. आशाराम साहू रा.से.यो .प्रभारी (बालक) एवं रेड रिबन प्रभारी प्रो. मन्नुलाल नायक के तत्वावधान में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.के.धमगाये ने सभी विद्यार्थियों को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शपथ दिलवाई,उसके बाद रा. से.यो . के अभी विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर से एड्स जागरूकता रैली निकाली साथ ही साथ एड्स जागरूकता हेतु रंगोली, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभागिता की !




विश्व एड्स दिवस दिनांक 01/12/2023

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगाँव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)''
*NAAC Accredited with B Grade*
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

# शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में मनाया गया विश्व मानव अधिकार दिवस

शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन.मेश्राम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशाराम साहू रा.से.यो .प्रभारी (बालक) , प्रो. प्रियांकी गजभिए प्रभारी (बालिका) , के तत्वावधान में 11 दिसंबर को विश्व मानव अधिकार दिवस मनाया गया । संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर 1948 को मानव अधिकार घोषणा पत्र को मान्यता दिए जाने पर 10 दिसंबर का दिन मानवाधिकार दिवस के लिए निश्चित किया गया।इसी तारतम्य में प्रतिवर्ष 10 दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है । कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से आरंभ हुई, तत्पश्चात उपस्थित प्राध्यापकों ने मानवाधिकार के संबंध में अपने-अपने विचार प्रकट किए,इसी कड़ी में अपने विचार प्रकट करते हुवे प्राचार्य डॉ. बी. एन .मेश्राम ने मानव अधिकार के संदर्भ में बहुत ही सारगर्भित बातें बताई , जीवन में उनकी क्या महत्ता है और उनका हमें किस प्रकार निर्वहन करना चाहिए इस पर बड़ी गंभीरता से चर्चा की और ये अपेक्षा भी की, कि सभी अपने अधिकारों का उचित प्रयोग करते हुवे अपने कर्तव्यों का भी भली- भांति पालन करेंगे,जिसके अनुरूप प्राचार्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों को मानव अधिकार का अनुसरण कराते हुवे शपथ भी दिलाई गई, महाविद्यालय में विश्व मानव अधिकार दिवस के अवसर पर रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई,इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण में प्रो. बी .महोबिया, प्रो.गणेश कुमार नेताम,प्रो गौतम कुमार नेताम,प्रो. शिवनाथ देवांगन के अलावा श्री रामचरण,योगेंद्र देवांगन, आशा वर्मा, देवश्री, लीना साहू आदि उपस्थित रहे ! रा.से.यो.के स्वयं सेवकों के साथ - साथ महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




विश्व मानव अधिकार दिवस दिनांक /12/2023

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगाँव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)
*NAAC Accredited with B Grade*
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

दिनांक 12/01/2024

## स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस)

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन .मेश्राम के मार्गदर्शन एवं एन.सी.सी.तथा एन. एस. एस. के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर दिनांक 12/01/2024 को राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित की गई, कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई,तत्पश्चात उद्बोधन के रूप में सर्वप्रथम एन.सी.सी. प्रभारी प्रो.गणेश कुमार नेताम ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाली तथा विद्यार्थियों से ये अपेक्षा भी की, कि अध्ययन के साथ साथ गतिविधियों में भी सहजता के साथ भाग ले, इसी कड़ी में डॉ.सी.के.साहू.ने शिकागो में हुई धर्म सम्मेलन की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया और बताया स्वामी जी के मार्गों का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए,कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. ए .के. धमगाए ने विद्यार्थियों को बताया कि अगर सफल होना है तो एक ही उद्देश्य को लेकर चलना चाहिए, अंत में प्राचार्य डॉ. बी. एन.मेश्राम ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए ,कार्यक्रम में प्रो. गणेश कुमार नेताम प्रभारी( राष्ट्रीय क्रेडिट कोर) प्रो. प्रियांकी गजभिए रा.से.यो.प्रभारी बालिका, डॉ.आशाराम साहू रा.से.यो.प्रभारी बालक, सुश्री आशा साहू ,ओकेश पटेल समाज शास्त्र विभाग, तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन एकलव्य कुमार साहू हिंदी विभाग ने किया, कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक रहा और स्वामी विवेकानंद के विचारों पर पुनः चिंतन करने की प्रेरणा हम सबको प्राप्त हुई।




स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) दिनांक 12/01/2024

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगाँव

**कार्यालय प्राचार्य , शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)**
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

**अम्बेडकर कालेज के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता का मानव श्रृंखला बनाकर दिया संदेश**

दिनांक 15.08.2023 को शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के मार्गनिर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला मतदान के लिए लोगों को जागरूक बनाया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नोडल अधिकारी गणेश नेतामए ब्रांड एम्बेसडर दानेश्वर साहू एवं रेशमा रामटेके का साथ रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का सहयोग रहा। मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने नाम विलोपित करने के साथ ही मतदान करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। मतदाता जागरूकता स्वीप में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकए अतिथि व्याख्याताए एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के विद्यार्थी शामिल थे।



रा.से.यो अधिकारी



E:\College\Covering Letter.2023-24

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगांव

कार्यालय प्राचार्य , शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

## नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन में दिनांक 05.10.2023 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन नगर के बस स्टैंड बाजार चौक दुर्गा मंदिर आदि सार्वजनिक स्थलों में किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशाराम साहू (छात्र इकाई) एवं प्रो. प्रियांकी गजभिए (छात्र इकाई) के निर्देशन में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक की रोचक प्रस्तुति से नागरिकों को जागरूक किया। उपस्थित सभी जन सामान्य को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं अपने आसपास और अपने परिवार जनों अन्य सदस्यों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में अपना योगदान देने का संदेश अनेक गीत कविता एवं नारों के साथ दिया। कार्यक्रम प्रेरणादायक एवं उद्देश्यपूर्ण रहा।




05.10.2023 नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
शास.डॉ.बा.सा.भी.अ.महाविद्यालय
डोंगरगाँव, जि. राजनांदगाँव (छ. ग

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगाँव

कार्यालय प्राचार्य , शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं स्वच्छता सेविकाओं का सम्मान

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. श्रीमती बी. एन. मेश्राम के निर्देशानुसार महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (छात्रा इकाई) द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन दिनांक 12/03/2024 को किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी डोंगरगांव डॉ.विरेंद्र साहू ,महिला सुपरवाइजर श्रीमती किरण श्रीवास्तव, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव सुश्री रश्मि ठाकुर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का संक्षिप्त इतिहास बताया तथा छात्राओं को पढ़ाई करने व मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहने हेतु प्रेरित किया। मेहनत व लगन के साथ निर्भीकता से कार्य करने कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग से आए अधिकारियों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं ,कानूनों तथा महिला स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित अनेक जानकारियां दी। रश्मि ठाकुर द्वारा छात्राओं को कहा कि लिंगभेद नहीं है तथा महिलाएं भी प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के समान कार्य की हकदार हैं। संयोजक महिला प्रकोष्ठ प्रो.रेणुका ठाकुर तथा रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी (बालिका इकाई) प्रो.प्रियांकी गजभिए के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में नारी विमर्श पर चर्चा की गई तथा सबने अपने विचार साझा किये। महिला सम्मान हेतु आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं स्वच्छता सेविकाओं को आमंत्रित किया गया तथा उनके सेवा,समर्पण हेतु शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भी महिला सशक्तिकरण विषय पर अपने विचार रखें। अंत में उपस्थित महाविद्यालय की समस्त महिला प्राध्यापकों एवं छात्राओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली गई । मंच संचालन प्रो.प्रियांकी गजभिए द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आशाराम साहू ,प्रो. चंचल स्टेला कुजूर सहित महाविद्यालय की समस्त महिला प्राध्यापकगण एवं छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम आयोजन में रा.से.यो.स्वयंसेविकाओं रेशमा रामटेके ,पुनीता साहू, एवं कनिष्का पटेल का सक्रिय सहयोग रहा।





**दिनांक 12.03.2024 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं स्वच्छता सेविकाओं का सम्मान**

संयोजक महिला प्रकोष्ठ

कार्यकम अधिकारी रासेयो.(बालिका इकाई) –

डॉ.(श्रीमती)बी.एन.मेश्राम
प्राचार्य
शास. डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)
*NAAC Accredited with B Grade*
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

दिनांक 22 / 08 / 2024

## महाविद्यालय में सद्भावना दिवस का आयोजन

आज दिनांक 22/08/ 2023 को शासकीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. श्रीमती बी.एन.मेश्राम के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशाराम साहू एवं श्रीमती प्रियांकी गजभिए के निर्देशन में सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया ।प्रतिवर्ष 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस मनाया जाता है । इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को समझाइश देते हुए कहा कि हम सभी को जाति, संप्रदाय, क्षेत्र ,धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना परस्पर भावनात्मक एकता एवं सद्भावना हेतु प्रयास करना चाहिए। किसी भी प्रकार के मतभेद एवं गतिरोध को दूर करने हेतु केवल संवैधानिक माध्यमों का प्रयोग करना चाहिए । महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों,राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों ,एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सद्भावना दिवस के अवसर पर यह शपथ ली गई कि वह सभी के साथ सद्भावना का व्यवहार करते हुवे जीवन में आगे बढ़ेंगे तथा दूसरों को भी आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेंगे इसी के साथ ही प्राचार्य के द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।



सद्भावना दिवस दिनांक 22 / 08 / 2024

PRINCIPAL
Govt.Dr.B.S.B.A. P.G. College
Dongargaon, Distt-Rajnandgaon (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य , शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ०ग०)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

## राष्ट्रीय बालिका शिक्षा दिवस (सावित्रीबाई फुले जयंति)

शासकीय डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम के मार्गदर्शन में दिनांक 4 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय बालिका शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई । रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रभारी( बालिका इकाई) प्रो.प्रियांकी गजभिए द्वारा स्वागत उद्बोधन में सावित्रीबाई फूले के प्रारंभिक जीवन एवं बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदानों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम ने अपने उद्बोधन में बताया कि सावित्रीबाई फूले द्वारा बालिकाओं की शिक्षा हेतु पुणे में बालिका स्कूल की स्थापना की गई। भारत की प्रथम अध्यापिका सावित्रीबाई ने बिना किसी उच्च शिक्षा के अनेक आलोचनाओं तिरस्कारों को सहते हुए समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण हेतु अपने प्रयास जारी रखें। प्राचार्य द्वारा उपस्थित समस्त स्वयंसेवक- स्वयंसेविकाओं को ऐसे ही कठिन परिस्थितियों का सामना मजबूती से करने हेतु प्रेरित किया। रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रभारी (बालक इकाई) डॉ.आशाराम साहू के द्वारा बालिकाओं की शिक्षा का महत्व बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम आयोजन में समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं का सक्रिय सहयोग रहा। इस अवसर पर रा. से. यो. स्वयंसेविकाओं को "B", एवं "B" प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया





20



प्राचार्य
शास.डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ०ग०)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com, web site- www.bsba.com, Contact No.: 07745-271882

# मेरा माटी मेरा देश (मिट्टी को नमन वीरों का वंदन)

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में 16 अगस्त २०२३ गुरुवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के मार्गदर्शन में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत मिट्टी को नमन वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महरूम निवासी रिटायर्ड **मेजर बीरसिंह पंवार** थे कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा किया गया ! कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की सुरक्षा में सर्वस्व न्योछावर करने वाले सेना के वीरों को सम्मानित करना था। कार्यक्रम मां सरस्वती की पूजा अर्चना से आरंभ हुई तत्पश्चात उपस्थित मुख्य अतिथि द्वारा अपने सैन्य जीवन में घटित अनेक घटनाओं एवं महत्वपूर्ण यादों को छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया गया ।सम्मान स्वरूप महाविद्यालय की ओर से श्रीफल एवं शाल भैंट कर रिटायर्ड मेजर का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. ए. के. धमगाए. प्रो. डॉ. सी. के. साहू, प्रो .जी. के. नेताम (एन .सी.सी.प्रभारी) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे! यह कार्यक्रम एन. एस. एस. प्रभारी (बालक) वर्ग प्रो. डॉ. आशाराम साहू तथा प्रभारी (बालिका) वर्ग प्रो. प्रियांकी गजभिये के नेतृत्व में किया गया




रा. से. यो. प्रभारी



E:\College\Covering Letter.2023-24

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगाँव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
**NAAC Accredited with B Grade**
email-college.bsba@gmail.com, web site- www.bsba.com, Contact No.: 07745-271882

## अम्बेडकर महाविद्यालय में जी–20 पर परिचर्चा

भारत सरकार द्वारा नियोजित जी–20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव में दिनांक 05.07.2023 को विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस कार्यकम में जी–20 शिखर सम्मेलन के उद्देश्य एवं मंतव्य पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। यह कार्यकम प्राचार्य डॉ. बी.एन.मेश्राम के मार्गदर्शन में कियान्वित कि गयी। महाविद्यालय के अन्य विभागीय प्रमुखों में डॉ.ए.के.धमगाये, डॉ. सी.के.साहू, प्रो. रेणुका ठाकुर, प्रो. गणेश कुमार नेताम, प्रो. चंचल स्टेला कुजूर, प्रो. मन्नु लाल नायक, प्रो. शिवनाथ देवांगन, प्रो. गौतम कुमार नेताम, एन.एस.एस. प्रभारी (बालिका) प्रो प्रियांकी गजभिये, एवं एन.एस.एस. प्रभारी (बालक) डॉ. ए.आर. साहू भी उपस्थित रहे। यह कार्यकम एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। जिसमें दोनों विभागों के विद्यार्थियों ने भी उपस्थित रहे। डॉ. सी.के. साहू ने क्वीज प्रतियोगिता के रूप में छात्र–छात्राओं से प्रश्नोत्तरी भी किये। कुल मिलाकर कार्यकम ज्ञानवर्धक एवं सराहनीय रहा। प्राचार्य, सभी विभागीय प्रमुख एवं छात्र–छात्राओं का बहूत–बहूत आभार।



जी – 20 विषय पर परिचर्चा

PRINCIPAL
Govt Dr.B.S.B.A. P.G. College
Distt-Rajnandgaon (C.G.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ0ग0)
NAACAccredited with B Grade
email-college.bsba@gmail.com, web site- www.bsba.com, Contact No.: 07745-271882

## –: अम्बेडकर महाविद्यालय हिन्दी विभाग में प्रेमचंद जी की जयंती मनायी गयी :– (31.07.2023)

### प्रेमचंद जयंती

डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी .एन. मेश्राम की मार्गदर्शन एवं हिंदी विभाग के तत्वावधान में दिनांक 31.07.2023 को महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रेमचंद जयंती मनाई गई कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित से हुआ तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित ग्रंथालय प्रमुख श्री गौतम कुमार नेताम ने प्रेमचंद के साहित्य एवं जीवन में उनकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला वही श्री शिवनाथ देवांगन सहायक अध्यापक अर्थशास्त्र ने भी प्रेमचंद की कहानियों की वास्तविकता पर अपनी बात रखी और उसने बताया कि प्रेमचंद की कहानियों में आम लोगों का वर्णन है जिनको इतिहास में स्थान नहीं मिलता या जो गुमनामी की जिंदगी जीते हैं अर्थात प्रेमचंद की कहानियों के पात्र बहुत ही साधारण एवं दलित जन होते हैं जिन की समस्याओं को लोगों के बीच लाना इनकी कहानियों का प्रमुख उद्देश्य है अंत में आभार व्यक्त करते हुए डॉ. आशाराम साहू विभाग अध्यक्ष हिंदी ने प्रेमचंद की प्रमुख कहानियों पर चर्चा करते हुए इन कहानियों की प्रासंगिकता पर बात की जिसमें कफनए पूस की रात एपंच परमेश्वर आज भी समाज में प्रासंगिक है और इसके पात्र आज भी हमें आम जीवन में देखने को मिलती है! इस जयंती के अवसर पर एम. ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं में योगेश कुमार देवांगन यशवंत कुमार गितेश कुमार सारिका कुलेश्वरी भारती साहू तथा भुनेश्वर सेवता की उपस्थिति बनी रही! कुल मिलाकर कार्यक्रम बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं सफल रहा!



प्राचार्य
शास.डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर
स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)
*NAAC Accredited with B Grade*
email-college.bsba@gmail.com , web site- www.bsba.com , Contact No.: 07745-271882

दिनांक 10.01.2024

## विश्व हिन्दी दिवस – हिन्दी विभाग

शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव में प्राचार्य डॉ. बी. एन. मेश्राम के निर्देशन , हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ए. आर. साहू के मार्गदर्शन में दिनांक 10.01.2024 को विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में हिन्दी के महत्व की ओर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य बी. एन. मेश्राम जी ने बताया कि अपने भावों को अभियक्त करने का सबसे सशक्त माध्यम हिंदी भाषा है, डॉ. ए. के. धमगाये ने बताया कि वर्तमान में हिन्दी बोलने वालो की संख्या कितनी है? इसमें वृद्धि कैसे किया जा सकता है? इस पर अपने विचार व्यक्त किए,इसी कड़ी में डॉ. सी. के. साहू ने हिन्दी भाषा और हिंदी भाषी लोगों का वैश्विक महत्व की ओर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात ईश्वरी टेम्भुरकर, संगीता पटेल ,दीपिका साहू, भावेश साहू एवं अन्य छात्र- छात्राओं द्वारा गीत एवम कविता की प्रस्तुति हुई।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण में प्रो. जी. के. नेताम, प्रो प्रियांकी गजभिए, राजनीति विभाग से किशन साहू,हिंदी विभाग से शुभम बनाफर,एकलव्य साहू, एम. ए.. हिंदी से योगेश देवांगन, भावेश साहू, ललित साहू, सोमनारायण साहू, हितेश कुमार साहू, लीना सिन्हा, सतरूपा साहू, टोमिन चंद्रवंशी, संगीता पटेल, डामेश्वरी साहू, ईश्वरी टेम्भुरकर, काजोल, मुस्कान सहित बी. ए. प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, कार्यक्रम सफल एवं ज्ञानवर्धक रहा !





विश्व हिन्दी दिवस दिनांक 10/01/2024 हिन्दी विभाग

प्राचार्य
शास. डॉ. बा. सा. भी. अं.
स्नातकोत्तर महा. डोंगरगांव

विभागाध्यक्ष हिन्दी